वर्ष 1 - अंक 42
शनिवार 11 जनवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स



## ट्रंप होंगे गिरफ्तार?

# सुप्रीम कोर्ट ने

### सजा टालने से किया इनकार

डोनाल्ड ट्रंप के हश मनी केस में सुप्रीम कोर्ट ने सजा टालने की उनकी अपील को खारिज कर दिया है। इस फैसले ने ट्रंप की कानूनी परेशानियों को और बढ़ा दिया है. ट्रंप को पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को 1.3 लाख डॉलर देने के मामले में दोषी ठहराया गया है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने ट्रंप की अपील को खारिज करते हुए जज जुआन एम मर्चेन को शुक्रवार को सजा सुनाने की अनुमति दी है।

हश मनी केस में डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2006 में स्टॉर्मी डेनियल्स के साथ संबंध छिपाने के लिए उन्हें हश मनी देने की कोशिश की थी। ट्रंप ने इन आरोपों से इनकार किया है. न्यू यॉर्क की अदालतों ने पाया कि ट्रंप के खिलाफ बिजनेस रिकॉर्ड में हेरफेर के 34 मामलों में वह दोषी हैं, जो उनके निजी मामलों से जुड़े हैं न कि राष्ट्रपति के आधिकारिक कामों से।

सुप्रीम कोर्ट का फैसलासुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप की दलील को खारिज कर दिया और कहा कि वर्चुअल सुनवाई से ट्रंप के ट्रांजिशन में कोई व्यवधान नहीं होगा. कोर्ट ने कहा कि ट्रंप के खिलाफ मामलों का राष्ट्रपति पद से कोई लेना-देना नहीं है, इसलिए उन्हें दोषी ठहराना उनके निजी कामों के लिए सही है।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट का विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



## आदिवासियों को मिलेगा घर पर ही नि:शुल्क सभी तरह का इलाज : विधायक प्रीतम सिंह

**रणजीत टाइम्स-जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) केंद्र सरकार तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री जनमन योजना कार्यक्रम के तहत 10 जनवरी शुक्रबार को पिछोर में मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया! जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश के 21 जिले में 87 विकासखंडो में मोबाइल मेडिकल यूनिट का आवंटन किया गया! जिसके तहत पिछोर विकासखंड में दो मोबाइल मेडिकल यूनिट जिसमें एक खोड़ के लिये तथा खनियाधाना में एक मोबाइल मेडिकल यूनिट की व्यवस्था शासन द्वारा की गई है! इस मोबाइल मेडिकल यूनिट के तहत 65 प्रकार की दवाइयां, 14 प्रकार की जांचे 77 उपकरणों की संख्या, 29 तरह की सामग्री वाहन में उपलब्ध है! मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रतिदिन दो सहरिया ग्रामों का भ्रमण कर मरीजों का निशुल्क परामर्श एवं उपचार करेंगे जिसके अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से प्रसव पूर्व उच्च जोखिम वाली महिलाओं का चिन्हाकन एवं उनका उपचार किया जाएगा, इसके साथ ही कैंसर की पहचान, ब्लड प्रेशर, मधुमेह की पहचान एवं उपचार, कम वजन वाले बच्चे का उपचार,कुष्ठ रोग,टीवी, फाइलेरिया आदि की पहचान तथा उपचार किया जाएगा, इसके साथ-साथ वाहन में एक्सरे की भी सुविधा उपलब्ध है मोबाइल मेडिकल यूनिट के वाहन में एक एमबीबीएस चिकित्सक, एक स्टाफ नर्स, एक एएनएम, एक एमपीडब्ल्यू, एक टेक्नीशियन के साथ-साथ वाहन चालक इसके साथ रहेंगे!

विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा कहा गया की पिछोर क्षेत्र के सहरिया लोगों के लिए हमारे देश प्रधानमंत्री एवं राज्य के मुख्यमंत्री नें यह बहुत बड़ी सौगात दी है,अब आदिवासी महिला हो या पुरुष या उसके परिवार का कोई भी व्यक्ति हो उसे इलाज कराने के लिए अब बाहर नहीं भागना पड़ेगा, अब मोबाइल मेडिकल यूनिट (वाहन) के अंतर्गत आदिवासी लोगों का इलाज उनके घर पर ही किया जाएगा! इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में एक्सरा मशीन से लेकर डॉक्टर, नर्स तथा स्टाफ सहित सभी तरह की मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध है! इस मौके पर विधायक द्वारा स्वयं डॉक्टर से अपना ब्लड प्रेशर तथा जांच कराई! वाहन रवाना करते समय पिछोर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ.संजीव वर्मा, तथा खनियांधाना ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अरुण झसया सहित समस्त मेडिकल स्टाफ उपस्थित था।

# सपनों को साकार करने का मंच बन रहा है 'प्लास्ट पैक 2025'

## उद्योग जगत और छात्रों के लिए रोजगार के नए द्वार

## लाइव मशीन प्रदर्शन और जॉब फेयर ने खींचा दर्शकों का ध्यान

इंदौरः इंदौर के लाभगंगा ग्राउंड में इंडियन प्लास्ट पैक फोरम द्वारा आयोजित मध्यभारत का सबसे बड़ा एक्जीबिशन 'प्लास्ट पैक 2025' अपने दूसरे दिन भी दर्शकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को आकर्षित कर रहा है। प्लास्टिक, पैकेजिंग और पेट्रोकेमिकल्स इंडस्ट्री से जुड़े इस भव्य आयोजन में दूसरे दिन 30,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। लाइव मशीन प्रदर्शन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स की आधुनिक तकनीकों ने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य आकर्षणों में से एक जॉब फेयर रहा, जहां छात्रों और युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। विभिन्न सेमिनारों में विशेषज्ञों ने उद्योग की नवीनतम तकनीकों और संभावनाओं पर चर्चा की।

## "प्लास्टपैक 2025" रोबोट्स का हो रहा खूब उपयोग

'प्लास्टपैक 2025' में रोबोटिक्स तकनीक ने हर किसी का ध्यान खींचा है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित रोबोट्स न केवल प्लास्टिक के उत्पादन में सटीकता और गति बढ़ाने में मदद कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा और समय की बचत भी कर रहे हैं। रोबोट्स के माध्यम से प्लास्टिक की कटाई, मोल्डिंग और पैकेजिंग जैसे कार्यों को न केवल आसान बनाया गया है, बल्कि यह तकनीक छोटे और बड़े दोनों उद्योगों के लिए किफायती समाधान भी प्रदान करती है। इंटरनेशनल एक्जीबिटर्स द्वारा प्रदर्शित अत्याधुनिक रोबोट्स का उपयोग फूड पैकेजिंग, मेडिकल के लिए उपयोग किये जाने वाले उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग, और ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में किया जा रहा है। इस आधुनिक तकनीक ने प्रदर्शनी में आए उद्योगपतियों और छात्रों को यह समझाने का मौका दिया कि कैसे रोबोटिक्स का उपयोग उनकी उत्पादन प्रक्रिया को प्रभावी और प्रतिस्पर्धी बना सकता है।

## रीसाइक्लिंग पर दिया जा रहा जोर

प्लास्टपैक 2025 में प्लास्टिक उत्पादों के पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित रीसाइक्लिंग तकनीकें पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान करने में सहायक हैं। कई एक्जीबिटर्स ने ऐसे रीसाइक्लिंग प्लांट्स और उपकरणों का प्रदर्शन किया, जो प्लास्टिक कचरे को उपयोगी उत्पादों में परिवर्तित कर सकते हैं। इन तकनीकों से न केवल प्लास्टिक कचरे में कमी लाई जा सकती है, बल्कि नए उत्पादों के निर्माण में उपयोग होने वाली रॉ मटेरियल की आवश्यकता भी घटती है। प्रदर्शनी के आयोजकों का मानना है कि इस प्रकार की तकनीकों को बढ़ावा देकर न केवल पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है, बल्कि इसे एक लाभदायक व्यवसाय के रूप में भी विकसित किया जा सकता है। छात्रों और शोधकर्ताओं को इन तकनीकों के प्रदर्शन से काफी प्रेरणा मिल रही है, जो प्लास्टिक उद्योग में सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## इंडियन प्लास्ट पैक फोरम के अध्यक्ष सचिन बंसल ने कहा कि



"आयोजन के दूसरे दिन लाइव मशीन प्रदर्शन ने उद्योग जगत के पेशेवरों और छात्रों का ध्यान खींचा। इनोवेटिव मशीनों और रोबोटिक्स के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने के तरीकों पर विशेष जानकारी दी गई। लाइव मशीन प्रदर्शन और रोबोटिक्स सत्र ने प्रदर्शनी में एक नई ऊर्जा लाई है। ये तकनीक न केवल उद्योग जगत को फायदा पहुंचाएगी, बल्कि छात्रों को भी प्रेरित करेगी। हम स्थानीय उद्योगों को वैश्विक बाजार से जोड़ने के लिए तत्पर हैं। आयोजन में आयोजित जॉब फेयर में 50 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया, जहां छात्रों और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। सेमिनारों के माध्यम से विशेषज्ञों ने उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं और करियर की संभावनाओं की जानकारी दी। प्लास्ट पैक 2025 जैसे आयोजन मध्यप्रदेश को औद्योगिक राजधानी बनाने की दिशा में मजबूत कदम हैं। इस आयोजन से स्थानीय उद्यमियों और उद्योगपतियों को नए साधन और बाजार मिल रहे हैं। आयोजन समिति को उम्मीद है कि अगले दो दिनों में विजिटर्स की संख्या 1.5 लाख को पार कर जाएगी। इंटरनेशनल कंपनियों के साथ स्थानीय उद्यमियों के लिए यह आयोजन एक मजबूत मंच साबित हो रहा है।"

# यादव-कालरा विवाद

**आरोपियों की जमानत निरस्त...**

**इंदौर में पार्षद कमलेश कालरा के बेटे को नग्न कर बनाई गई वीडियो और मारपीट आदि के मामले में पकड़ाए भी 6 आरोपियों की जमानत निरस्त होने की सूचना है... जिला न्यायालय ने सभी के जमानती आवेदन निरस्त कर दिए हैं, फिलहाल इन्हें जेल की हवा ही खाना होगी... मालूम हो कि इन आरोपियों को एमआईसी सदस्य जीतू यादव/जाटव का ''समर्थक'' बताया जाता रहा..!**

कामधेनू लिमिटेड

# मध्य प्रदेश में अपनी ब्रांडेड कलर कोटेड शीट्स की विनिर्माण क्षमता को 10% और मजबूत करेगा

इन्दौर : कामधेनू लिमिटेड, ब्रांडेड टीएमटी बार के खुदरा बाजार में भारत के सबसे बड़े निर्माता और विक्रेता ने मध्य प्रदेश में अपने ब्रांड "कामधेनु कलर मैक्स शीट" की बाजार हिस्सेदारी और उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए आज उसकी निर्माण क्षमता में 10% वृद्धि की घोषणा की। नई रणनीति हाल के दिनों में राज्य में प्राप्त उत्पादों की बढ़ी मांग के अनुरूप विकसित की गई है।

कंपनी की योजनाओं के बारे में कामधेनू लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा, ''आज, कामधेनु कलर कोटेड शीट्स का उपयोग कई सरकारी और गैर-सरकारी परियोजनाओं में किया जा रहा है। राज्य में लगातार बढ़ते आवास एवं इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के कारण हमारे उत्पादों की मांग भी बढ़ी है, इसे देखते हुए, हम अपनी उच्च गुणवत्ता वाली कलर कोटेड शीट की उत्पादन क्षमता में इज़ाफा कर रहे हैं। "

**उन्होंने आगे कहा**

"अंतर्राष्ट्रीय मानकों के समकक्ष कामधेनू कलर मैक्स रिहाइशी और औद्योगिक परियोजनाओं में रूफिंग व क्लैडिंग के लिए खूबसूरत समाधान पेश कर रही है। ये शीट इंस्टॉल करने में आसान हैं और इसके इस्तेमाल से किसी भी प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में तेज़ी आती है। ग्राहकों की जरूरत के मुताबिक कस्टमाइजेशन सुनिश्चित करने के लिए कामधेनू कलर मैक्स रेंज संबंधित उत्पाद भी मुहैया कराती है जैसे रेन वाटर सिस्टम, रेन गटर, क्रिम्पिंग कर्व, सैल्फ ड्रिलिंग स्क्रू आदि।"

कामधेनू कलर मैक्स प्रि-पेन्टेड प्रॉडक्टस है जो चयन हेतु आकर्षक रंगों की विस्तृत रेंज पेश करता है। हाई क्वालिटी स्टील अलॉय की अनेक परतों पर एक खास कोटिंग इन प्रोडक्ट्स को सक्षम बनाती है की वह क्रैकिंग व पीलिंग, चरम मौसम व भारी निर्माण के दौरान प्रतिरोध कर सके। यह न सिर्फ शीट को पूरी तरह जंग से मुक्त एवं वाटरप्रूफ बनाता है बल्कि अंदरूनी हिस्से को गर्मियों में शीतल तथा सर्दियों में गर्माहट भरा बनाए रखता है। यह ईको-फ्रैंडली उत्पाद इमारत के कार्बन फुटप्रिंट को न्यूनतम कर के ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर भी खरा उतरता है। कामधेनू स्टील निर्माण की जानकारी और विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए सर्वोत्तम कच्चा माल चुन कर सर्वश्रेष्ठ तकनीक एवं प्रक्रियाओं द्वारा बेहतरीन क्वालिटी के उत्पाद पेश करती है। यह उत्पाद कड़ी क्वालिटी जांच से गुज़रता है इसलिए हर मौसम में टिका रहता है।

# बुरखे मे ड्रग छुपाकर तस्करी करने वाली महिला के साथ एक युवक गिरफ्तार....

रणजीत टाइम्स

इंदौर की खजराना थाना पुलिस ने एक ऐसे ड्रग्स तस्कर महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया है जो कि राजस्थान से एमडी ड्रग्स बुरखे में छिपा कर इंदौर के खजराना क्षेत्र में पुड़िया बनाकर बेचने का काम करती थी.. इंदौर की खजराना थाना पुलिस ने एक महिला और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। महिला उज्जैन से अपने पति को छोड़कर इंदौर आकर पिछले एक साल से खजराना इलाके में ड्रग्स बेचने का काम कर रही थी। अब पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।



वही एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि खजराना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्टार चौराहे के पास सर्विस रोड पर एक महिला और एक युवक खड़े हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की चेकिंग की तो महिला आयशा उर्फ आशु, पति मोहसिन खान, निवासी अशरफी नगर घबराई हुई मिली। बुर्का पहने इस महिला की तलाशी ली गई,तो बुरखे में छिपाकर रखी हुई 15 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली । इसके बाद, युवक भूरा की तलाशी ली गई, और उसके पास भी एमडी ड्रग्स बरामद हुई। बहरहाल पुलिस महिला और पुरुष से पूछताछ कर रही है कि इंदौर में किसको ड्रग्स देने वाले थे।

# छिन सकता है यादव का पद

भाजपा पार्षद कमलेश कालरा घर पर हुए हमले और बेटे को नग्न वीडियो वायरल करने के मामले में अब संगठन गंभीर हो गया। पुलिस ने भी अपना रुख सख्त कर लिया। भोपाल से दिल्ली तक मामले के बाद भाजपा की अंदरुनी राजनीति भी गरमा गई है। पांच दिनों तक आपसी विवाद मानकर पुलिस और भाजपा संगठन मामले को टालता नजर आ रहा था, लेकिन भाजपा संगठन को लेकर की गई गलत टिप्पणी की कॉल रिकार्डिंग सामने आने के बाद पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई और उन्हें जेल भेज दिया गया।

### संगठन चूल्हे में गया आवाज जीतू का!

दो दिन पहले एक ऑडियो रिकार्डिंग वायरल हुई, जिससे कालरा और जीतू की बताई जा रही है। जिसमे एक आवाज आ रही है जो बोल रहा है कि संगठन गया चूल्हे में। भाजपा नेता दबी जुबान में वो आवाज जीतू जाटव की ही बता रहे है। हालांकि यादव द्वारा मिले नोटिस के जवाब में कहा है कि रिकार्डिंग की फोरेसिंक जांच होना चाहिए। उधर संगठन को लेकर हुई टिप्पणी को भाजपा ने गंभीरता से लिया है।

### अनुशासन समिति के पास पहुंचे जवाब...

पार्षदों के बीच आपसी विवाद सामने आने के बाद भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने पार्षद कमलेश कालरा और जीतू यादव को नोटिस भेजे थे। दोनो पार्षदों ने जवाब सौंप दिए। उन्हें भोपाल में प्रदेश भाजपा की अनुशासन समिति के पास भेज दिया है। संगठन चुनाव के कारण अभी मामला रुका है, लेकिन दो दिन में संगठन की तरफ से एक्शन लिया जा सकता है। पार्षद जीतू यादव के एमआईसी मेंबर का पद छिन सकता है, या फिर उन्हें निलंबित भी किया जा सकता है।

### सीएम की पोस्ट पर पुलिस हुई सक्रिय..

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने खुद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर फेसबुक पर पोस्ट अपलोड की। इसके बाद पुलिस का रवैया भी सख्त हो गया। पांच दिनों तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। पुलिस को यह भी पता चला है कि पार्षद के घर हमला करने वाले आरोपियों में से कई नगर निगम के मस्टर कर्मचारी है। पुलिस उनका रिकार्ड भी निकलवा रही है। इसके बाद उनकी नगर निगम से भी छुट्टी हो सकती है।

### नेतागणों ने किया किनारा

पार्षद जीतू जाटव अपने समर्थको के साथ पुलिस मुख्यालय ज्ञापन देने गए थे, लेकिन वहां भाजपा के बड़े नेता व एमआईसी मेंबर नजर नहीं आए। पार्षद कालर के घर हमले के दौरान उनके बेटे को नग्न कर वीडियो बनाने के कारण जीतू यादव की भद्द पिटी है। इससे दो नंबर विधानसभा क्षेत्र के खेमे के नेता ही दबी जुबान में गलत बता रहे है।

दो दिन होंगे कई आयोजन

# नार्मदीय ब्राह्मण समागम आज से दुनियाभर से 10 हजार समाजजन आएंगे






**लालबाग परिसर (नर्मदा परिसर) में 11 और 12 जनवरी को नार्मदीय ब्राह्मण समाज का समागम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश में पहली बार हो रहे इस समागम में मां नर्मदा के संरक्षण का संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक और इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि, इस आयोजन में देश-विदेश से 10 हजार से अधिक समाजजन हिस्सा लेंगे। इसमें उद्योग, साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता, विधि एवं कानून के विशेषज्ञों के साथ-साथ बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं भी शामिल होंगी।**

इस विराट संगम में समाज के गौरव और प्रगति को दर्शाने के लिए कई प्रमुख हस्तियां शिरकत करेंगी, जिनमें 'भाभीजी घर पर हैं' फेम शुभांगी अत्रे, बॉलीवुड अभिनेत्री खुशबू अत्रे, गायक आभास एवं श्रेयस जोशी, आकाश पटवारी, अमित महोदय, और नियम कानूनगो सहित कई जाने-माने अभिनेता और गायक भी शिरकत करेंगे।

### आज महिलाओं और युवाओं का सम्मेलन..

आयोजन समिति के पदाधिकारी जेपी शर्मा, मुकेश शर्मा, दीपक शर्मा, और देवाशीस निलोसे ने बताया कि 11 जनवरी को लालबाग पैलेस (नर्मदा परिसर) में कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे ध्वज पूजन और मंगलाचरण से होगा। सुबह 10 बजे स्टॉल और प्रदर्शन का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में नर्मदाष्टक, गुरूपूजन और मुख्य अतिथि का स्वागत उद्बोधन होगा। मुख्य सभागृह को भगवान परशुराम सभागृह नाम दिया गया है।

आयोजन के प्रमुख अतुल गर्ग, कपिल शर्मा, आलोक बिल्लौरे, और संजय शर्मा ने बताया कि शनिवार को दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक महिला सम्मेलन और 3:00 से 5:00 बजे तक युवा सम्मेलन आयोजित होगा।

### कल निकलेगी नर्मदा संदेश यात्रा...

दो दिवसीय आयोजन का समापन रविवार को होगा। सुबह 10 बजे फूटी कोठी चौराहा स्थित पुखराज पैलेस से मां नर्मदा संदेश यात्रा निकाली जाएगी, जो महूनाका होते हुए लालबाग परिसर पहुंचेगी। दोपहर 12:00 से शाम 4:00 बजे तक महासम्मेलन आयोजित होगा। महापौर ने बताया कि आयोजन में दो विशेष सत्र हैं। जिसमें समाज के युवाओं को रोजगार उन्मुखी बनाना पड़ेगा। देश में जब नौकरी मांगने की बहस चल रही हो तो हम लोग इस बात के लिए तैयार हैं कि अब नौकरी नहीं, नौकरी देने वाला बनना है। अपना-अपना व्यवसाय लोग छोटे स्तर से शुरू करें, ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जिन्होंने छोटी से शुरुआत से बड़ी-बड़ी कंपनियों की स्थापना की है। वैसे सभी लोगों को बुलाया भी है। रोजगार से हटकर व्यवसाय और नौकरी देने वाले बने इसके भी प्रस्ताव हम करने वाले हैं।

### समाजजन इंदौर के परिवार के साथ रुकेंगे..

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इंदौर के लोगों ने अतिथि देवो भवः की भावना से बाहर से आने वाले समाजजनों को अपने घरों में ठहराने का संकल्प लिया है। लगभग 700 से अधिक परिवारों ने अपने घरों में मेहमानों के रुकने की व्यवस्था की है। इसके अलावा, आयोजन समिति ने शहर के 22 स्थानों पर ठहरने की अलग-अलग व्यवस्थाएं भी की हैं।

**बिग ब्रेकिंग न्यूज़**

विजयनगर के पूर्व टीआई रहे रविन्द्र सिंह गुर्जर को इंदौर पुलिस आयुक्त संतोष सिंह ने विभागीय जाँच के चलते दोषी पाए जाने पर सज़ा के रूप में निरीक्षक से पदनावत करके उपनिरीक्षक बनाया।

# शहर के प्रमुख मार्गों से यातायात में बाधक दुकानों के शेड, अतिक्रमण, ओटले और अन्य बाधाएं हटाई गई- फुटपाथ पर रखे सामान भी किए गए जप्त

रणजीत टाइम्स

कलेक्टर आशीष सिंह एवं नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को भी सघन रूप से इंदौर शहर में यातायात को सुगम बनाने जगह-जगह मुहिम चलाकर कार्यवाई की गई। यह कार्यवाई जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस आदि के सहयोग से की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में यातायात में बाधक दुकानों के शेड, अतिक्रमण, ओटले और अन्य बाधाएं हटाई गई। फुटपाथ पर रखे सामान भी बड़ी मात्रा में जप्त किए गए। साथ ही तीन दुकाने भी सील की गई। ये कार्यवाई अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया एवं अपर कलेक्टर ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में की गई।

## 50 दुकानों के बाहर टीन शेड, ओटले हटाए

झोन 8 के तहत भमोरी मेन रोड पर कुल 50 दुकानों के बाहर टीन शेड, ओटले और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। संयुक्त दल द्वारा दुकानों पर लगे हुए 12 टीन शेड, ओटले तथा फुटपाथ पर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। संयुक्त कार्यवाही में डिप्टी कलेक्टर कल्याणी पांडे, नगर निगम झोनल अधिकारी जुगल किशोर बारपेटे, सहायक रिमूवल अधिकारी मनोज बेंडवाल , सहायक सीएसआई अमन तिवारी सहित निगम की टीम एवं यातायात पुलिस की टीम उपस्थित थी। बिल्डिंग मटेरियल की दुकानों से अतिक्रमण पर 27 हजार रुपए का अर्थदण्ड कर चालानी कार्यवाही की गई। इसी तरह झोन-19 के तहत बंगाली चौराहे से कनाडिया रोड पर फुटपाथ पर किए कब्जे हटाने की कार्यवाही की गई। यह से भी बड़ी मात्रा में अतिक्रमण हटाये गये।

## 15 टीन शेड, ओटले हटाए गए

झोन 16 के तहत कालानी नगर मेन रोड पर कुल 110 दुकानों के बाहर टीन शेड, ओटले और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। यातायात के सुधार एवं सुगमता के लिए नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा दुकानों पर लगे हुए 15 टीन शेड, ओटले तथा फुटपाथ पर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस संयुक्त कार्यवाही में डिप्टी कलेक्टर सीमा मौर्य , नगर निगम झोनल एवं भवन अधिकारी दीपक गरगटे, भवन निरीक्षक आदित्य तिवारी,सहायक रिमूवल अधिकारी विनीत तिवारी, ट्रैफिक टीआई वीके शुक्ला सहित निगम की टीम एवं यातायात की टीम उपस्थित रही।

# एक और बायपास के निर्माण की प्रक्रिया शुरू, जल्द शुरू होगा सर्वे

रणजीत टाइम्स

**पश्चिमी बायपास का निर्माण एनएचआई द्वारा की जाएगी। एनएचआई के अधिकारियों साथ हुई घोषणा में केंद्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी जानकारी दी।**

## जमीन अधिग्रहण राज्य सरकार के जिम्मे

यह मार्ग डकाच्या गांव से महू और पीथमपुर को जोड़ेगा। इसके निर्माण से महू, पीथमपुर और देवास के ग्रामीण क्षेत्र इंदौर के और करीब आ जाएंगे और मार्ग के आसपास बसाहट शुरू हो जाएगी। 70 किमी लंबे मार्ग के निर्माण पर 4000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने यह शर्त भी रखी है कि सड़क एनएचएआई बनाएगा, लेकिन जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया राज्य सरकार को करना होगी।

## 38 गांवों से गुजरेगा पूर्वी बायपास...

पूर्वी बाइपास 38 गांवों से होकर गुजरेगा। यह छहलेन बनेगा। दस साल पहले भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने नए पूर्वी बाइपास का सर्वे किया था, लेकिन बाद में पुराने बाइपास को ही चार लेन से छहलेन करने का काम शुरू हो गया था और नए बाइपास के निर्माण की योजना ठंडे बस्ते में चली गई थी।

## नए सिरे से होगा सर्वे...

सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि मंत्री गडकरी के निर्देश के बाद अब पूर्वी बाइपास के लिए नए सिरे से सर्वे की प्रक्रिया होगी। इसके निर्माण से देवास, महू, पीथमपुर को भी फायदा होगा।

## यह होगा पूर्वी बाइपास बनने से फायदा

- रियल इस्टेट मार्केट में तेजी आएगी। नई टाउनशिप और उद्योग खुल सकेंगे।
- सड़क के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का व्यवस्थित विकास होगा। मास्टर प्लान की आंतरिक सड़कें बनेगी।
- दिल्ली और मुंबई की तरफ जाने वाले वाहन इंदौर के बजाए सीधे बाइपास से देवास और मानपुर की तरफ जा सकेंगे।
- वर्तमान पूर्वी बाइपास पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। हादसों पर भी रोक लगेगी।
- पीथमपुर और देवास के औद्योगिक क्षेत्र की फैक्टरियों को परिवहन के लिए नई कनेक्टिविटी मिलेगी।